## राशि दुरूपयोग के प्रकरणों में सीईओ ने की सुनवाई, ग्राम पंचायतों का पक्ष जाना

# 20 ग्राम पंचायतों में 69.64 लाख की हुई घपलेबाजी, होगी वसूली कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला पंचायत की सीईओ एवं विहित प्राधिकारी सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने 20 ग्राम पंचायतों में की गई वित्तीय अनियमितताओ के संबंध में मध्यप्रदेश पंचायतराज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 89 के तहत मामलों की एक-एक करके सुनवाई की।

### 15 दिवस में देना होगा स्पष्टीकरण

सुश्री कौर ने जहां एक ओर ग्राम पंचायतों के पक्ष को सुनते हुए अत्यंत धैर्य के साथ प्रस्तुत जवाब, साक्ष्य और दस्तावेजों का अवलोकन कर जाना वहीं दूसरी ओर दोषी पाए जाने एवं समाधान कारक उत्तर पंद्रह दिवस में प्राप्त नहीं होने पर सख्त विधिसंगत कार्रवाई करते हुए धारा 92 के तहत शासकीय राशि की वसूली की कार्रवाई करने के निर्देश रीडर शाखा के प्रभारी अधिकारी पंकज नामदेव को दिए।




### सोलर लाइट खरीदी में करी गड़बड़ी

मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के अंतर्गत भंडार क्रय नियमों का पालन नहीं करते हुए सोलर लाइट क्रय किए जाने के प्रकरणों में ग्राम पंचायत गैरतलाई, हथेड़ा, हरैया, गुड़ गढ़ोंहा, इटवा,डीघी, पिपरा, तिमुआ, पथरहटा, चोरी, जमुआनी कला, बंजारी , इटौरा, धवैया, उरदानी, जारारोडा, देवरा कला द्वारा 58,42,818 रुपए की सोलर लाइट की नियम विरुद्ध खरीदी किए जाने के संबंध में धारा 89 के तहत प्रकरणों पर सुनवाई की। संबंधित ग्राम पंचायतों द्वारा समाधान कारक उत्तर नहीं पाए जाने पर धारा 92 के तहत नियमानुसार शासकीय राशि की वसूली की कार्यवाही की जाएगी। ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद ,पनसोखर और बहोरीबंद के विरुद्ध बाजार नीलामी नल जल योजना, निर्माण कार्यों में नियम विरुद्ध राशि के आहरण और मार्केट निर्माण की राशि के भुगतान संबंधी प्रकरणों पर ग्राम पंचायतों के अनुपस्थित रहने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी।

### ये ग्राम पंचायत रही अनुपस्थित

विहित प्राधिकारी एवं जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर द्वारा वित्तीय अनियमिता के प्रकरणों की सुनवाई के दौरान ग्राम पंचायत तिमुआ, चोरी, गुड़ गढ़ोंहा, देवराकला, स्लीमनाबाद ,पनसोखर और बहोरीबंद अनुपस्थित रहीं। सुश्री कौर ने अनुपस्थित ग्राम पंचायतों के विरुद्ध विधि संगत आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### समाधान कारक उत्तर नहीं पाए जाने पर होगी वसूली कार्यवाही

इस प्रकार कुल 20 ग्राम पंचायतों के 69, 64, 262 रुपयों की वित्तीय अनियमिताओं के मामलों में जिपं सीईओ एवं विहित प्राधिकारी सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने सुनवाई करते हुए समाधान कारक उत्तर प्राप्त नहीं होने पर नियमानुसार राशि वसूली की कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारी को दिए।



## पुरानी रंजिश पर पत्थर से कुचलकर युवक की हत्या, आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की हत्या कर दी गई। हत्या की यह सनसनीखेज घटना कैमोर थाना क्षेत्र के अंतर्गत नन्हवारा कला में हुई। आरोपित ने पत्थर से सिर कुचलकर युवक की बेरहमी से हत्या कर दी।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की और आरोपी को गिरफतार कर लिया है। मृतक की पहचान आलोक गुप्ता 31 वर्ष के रूप में हुई है, जो वार्ड क्रमांक 11, खरखरी छैघरा थाना विजयराघवगढ़ का निवासी था। जानकारी के अनुसार आरोपी सोनू कोल पिता सुभाष कोल जो वार्ड क्रमांक 1 नन्हवारा कला का निवासी है कि आलोक के साथ पुरानी रंजिश चल रही थी। बीती रात इसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें सोनू कोल ने आलोक के सिर पर पत्थर पटककर उसकी हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने शव को नन्हवारा कला बड़ी खदान के पास झाड़ियों में छिपा दिया। झाड़ियों में शव मिलने की सूचना मिलते ही कैमोर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया।

एएसपी डॉ. संतोष डेहरिया ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया किः आरोपी सोनू कोल के खिलाफ धारा 103(1) बीएनएस (BNS) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में हत्या का मुख्य कारण पुरानी रंजिश बताया जा रहा है। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित कर मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप



### छात्रों को दिया गया AI का कम्प्यूटर प्रशिक्षण

**बड़वारा।** शारदा मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल बड़वारा में छात्रों का AI का कंप्यूटर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस एक अनंत तकनीक है जिसका उपयोग कंप्यूटर और मशीनों को इस प्रकार विकसित करने के लिए किया जाता है जो मानव वृद्धि जैसे कार्य कर सके इस ट्रेनिंग का आयोजन हमारे साल में किया गया सभी छात्र-छात्राओं एवं समस्त शिक्षक प्रशिक्षण में शामिल रहे। AI Computer ट्रेनिंग एवं प्रशिक्षण के माध्यम से बताया गया है कि इसका उपयोग रिपोर्ट तैयार करने ग्राहक सेवा को स्वचालित करने, भविष्यवाणी, धोखाधड़ी की पहचान एवं सुधार किया जाता है।यह प्रशिक्षण राहुल हिंदुजा एवं उनकी बैंगलोर टीम द्वारा शारदा मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल बड़वारा में समस्त शिक्षक गण शामिल रहे थे।

### सिलौंडी की टीम बनी विधायक कप की विजेता



**सिलौंडी।** सिलौंडी में चल रही विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में सिलौंडी की टीम ने पाली की टीम को 60 रन से हराकर विधायक कप की विजेता बनी ।सिलौंडी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 176 रन बनाए ।जवाब में पाली की पूरी टीम 116 रन ही बना सकी ।बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी, भाजपा जिला मंत्री डॉक्टर प्रशांत राय, जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय, सरपंच पंचों संतोष कुमार, उपसरपंच राहुल राय, विजय गुप्ता सहित अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरुस्कार प्रदान किया। विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह और सरपंच पंचों संतोष कुमार, उपसरपंच राहुल राय की ओर से विजेता टीम को 30000 रुपया और शील्ड प्रदान किया गया । विधायक कप के मैच आफ दा सीरीज श्रवण अवस्थी फौजी को श्रीराम कृषि केंद्र की ओर विशेष शील्ड प्रदान किया गया। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष अरविंद तिवारी ,राकेश दुबे, न्यू स्टार टीम कप्तान संतोष काछी ,सौरभ सेन उपस्थित रहे।

### सूने मकान का ताला तोड़कर जेवरात किये पार



**कटनी।** माधव नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुलवारा के तिवारी मोहल्ला में बीती रात एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर चंपत हो गये। शिकायत पर पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार फरियादी प्रशांत तिवारी 25 वर्ष निवासी ग्राम गुलवारा ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 12 से 13 जनवरी की रात्रि चोरों ने उस समय वारदात को अंजाम दिया जब घर में कोई नहीं था। बदमाशों ने घर में अवैध रूप से प्रवेश कर अलमारी में रखे सोने और चांदी के पुराने आभूषण चोरी कर लिए। चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत लगभग 50,000 रुपये बताई जा रही है। शिकायत पर ने बीएनएस (BNS) की धारा 331(4) और 305ए ताहि (IPC): पूर्व की धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस आसपास के लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

## खेलो एमपी यूथ गेम्स की विकासखंड स्तरीय हुई प्रतियोगिता

# ब्लाक स्तर पर विजयी 199 खिलाडी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुये चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

खेलों एमपी यूथ गेम्स की विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता गुरुवार को स्लीमनाबाद में आयोजित हुई। ब्लॉक स्तरीय खेलो एमपी यूथ की चयन टॉयल प्रतियोगिता में कबड्डी, खो-खो,व्हालीबाल, कुश्ती, योगा, ऐथेलेटिक्स, शतरंज, टेबल टेनिस, बास्केटबॉल, वाटलिफ्टिंग, रस्साकासी, जुडो, क्रिकेट सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें सभी खेल प्रतियोगिताओं मै खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। इस दौरान स्कूल प्रबंधक संजय दूबे, विजय श्री खम्परिया, कॉलेज खेल अधिकारी



शैलेंद्र सिंह जाट, अमर सिंह, सौरभ राजपूत, सतरपाल आर्य, नीरज मौर्य, आकृति त्रिपाठी, खेल समन्वयक चेतना झा आदि के सहयोग से सम्पन किया गया।

जिला स्तरीय परियोगिता दिनांक 17 औऱ 19 को चयनित बच्चे प्रतिबागिता की जायेगी-खेल समन्वयक चेतना झा ने बताया किखेलों एमपी यूथ गेम्स के तहत आयोजित ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता से 199 खिलाडी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुये जो विभिन्न खेलों में अपना दमखम दिखाएंगे।

### आज एवं कल प्रतियोगिता

16 ओर 17 जनवरी को जिला स्तर पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिला स्तर के बाद संभाग स्तरीय प्रतियोगिता होगी!संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के बाद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता होगी।

### मिलेगा नकद पुरस्कार

राज्य स्तर पर विजेता खिलाड़ियों को लगभग 4 करोड़ रुपए की राशि पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी। खेलों एमपी यूथ गेम्स में प्रथम पुरस्कार 31 हजार रूपए, द्वितीय 21 हजार रुपए और तृतीय पुरस्कार 11 हजार रूपए रहेगा।

## जैविक खेती की तकनीक सीख विद्यार्थी बनेंगे स्वाबलंबी



स्वामी विवेकानंदशासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में प्राचार्या डॉ सरिता पांडे के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉक्टर प्रीति नेगी के सहयोग से विद्यार्थियों को जैविक खेती का प्रशिक्षण जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बाजरा में पोषक तत्वों की मात्रा अधिक होती है कम पानी और कम खर्चे में तथा कम खाद एवं सिंचाई की कम आवश्यकता होती है कीटनाशकों का प्रयोग कम होता है क्योंकि इनमें कीटों से लड़ने की रोग प्रतिरोधक क्षमता होती है 8 किलो बीज प्रति हेक्टेयर बोने से 25 से 30 क्विंटल उत्पादन प्रति हेक्टर प्राप्त होता है। वैज्ञानिक विधि के अनुसार भूमि का चुनाव खेत की तैयारी बोनी का समय एवं तरीका बीज की मात्रा एवं उन्नत किस्म बीज उपचार तथा कल्चर उपचार जैविक खाद की मात्रा सिंचाई एवं खरपतवार नियंत्रण अंतरवर्तीय फसलें तथा कीट एवं रोग नियंत्रण एवं जैविक तथा रासायनिक खेती में अंतर का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। विद्यार्थियों को कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग के अंतर्गत ग्राम में उपलब्ध संसाधन से 5 से 7 दिन में बनने वाली मटका खाद एवं जीवामृत तथा जैविक बीज उपचार दवा रोग नियंत्रण हेतु बीजामृत को बनाने के लिए लगने वाली सामग्री बनाने का तरीका एवं फसल में उपयोग के तरीके की जानकारी दी गई।

# रेत के अवैध परिवहन पर हाईवा, डंपर सहित ट्रैक्टर ट्राली को किया गया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा पुलिस ने ग्राम बसाड़ी में अवैध रेत परिवहन करते एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त किया है। पुलिस द्वारा इलाका भ्रमण के दौरान ग्राम बसाड़ी हाट बाजार के पास एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोककर जांच की गई। जांच में ट्रॉली में रेत भरी हुई पाई गई। वाहन चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम संजय चौधरी पिता संतोष चौधरी 19 वर्ष निवासी ग्राम सुड्डी बताया। चालक से वाहन चलाने का लाइसेंस एवं रेत परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे गए, जो मौके पर प्रस्तुत नहीं किए जा सके।दस्तावेजों के अभाव में रेत का अवैध परिवहन पाए जाने पर पुलिस ने समक्ष गवाहों की उपस्थिति में ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित रेत को जप्त कर लिया। ट्रैक्टर-ट्रॉली को थाना बड़वारा परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया है तथा प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### दोनो वाहनों को थाना में खड़ा कराया गया

रात्रि गश्त के दौरान ही ग्राम बसाड़ी मेन रोड पर एक हाईवा वाहन क्रमांक CG 04 NV 5599 एवं 06 चक्का डंपर वाहन क्रमांक MP 04 GA 1304 संदिग्ध अवस्था में पाए गए। वाहन चालकों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम क्रमशः – प्रकाश यादव, पिता चंदूलाल यादव, 22 वर्ष, निवासी ग्राम झुकेही करौंदिया, थाना अमदरा, जिला मैहर एवं रामगोविंद उर्फ पप्पू पटेल पिता ज्वाला प्रसाद पटेल 46 वर्ष, निवासी ग्राम बसाड़ी, बताया।

वाहनों में लोड रेत के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु कहे जाने पर दोनों चालक मौके पर कोई भी वैध रेत परिवहन अनुमति अथवा कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। जिस पर दोनों वाहनों को अवैध रेत परिवहन करते पाए जाने पर समक्ष गवाहों के कारण, सबूत सहित पुलिस कब्जे में लेकर जप्त किया गया। जप्त रेत से भरे हाईवा एवं डंपर को सुरक्षार्थ थाना परिसर में खड़ा कर आगे की वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक के.के. पटेल, सउनि रघुवीर सिंह, आरक्षक शिवप्रकाश तिवारी सिंह एवं आरक्षक बृजलाल प्रजापति की सराहनीय भूमिका रही।

## स्थानांतरण होने के बाद भी जमे हुए हैं सहायक यंत्री

**ढीमरखेड़ा।** जनपद में पदस्थ सहायक यंत्री अजय केसरवानी का लगभग एक वर्ष पूर्व झाबुआ स्थानांतरण हो चुका है इसके बावजूद वे आज तक ढीमरखेड़ा से पूरी तरह रिलीव नहीं हुए हैं। नियमानुसार उन्हें तत्काल प्रभाव से झाबुआ जाकर कार्यभार ग्रहण करना था लेकिन आज भी उनका नाम ढीमरखेड़ा से जुड़ा हुआ है। नियमों को ताक पर रखकर कई अधिकारी यहां वर्षों तक पदस्थ रहे। यही वजह है कि जब किसी का स्थानांतरण होता है, तो उसे रिलीव करने में जानबूझकर देरी की जाती है। कभी फाइल अटक जाती है, कभी चार्ज हैंडओवर का बहाना, तो कभी “नया अधिकारी नहीं आया” कहकर मामला टाल दिया जाता है। अजय केसरवानी के मामले में भी कुछ ऐसा ही दिखाई देता है। झाबुआ जैसे आदिवासी और चुनौतीपूर्ण जिले में कार्यभार संभालने के बजाय ढीमरखेड़ा में टिके रहना कई सवाल खड़े करता है। यदि अजय केसरवानी का स्थानांतरण हो चुका है, तो अब तक उन्हें रिलीव क्यों नहीं किया गया? क्या उच्च अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं है, या फिर जानबूझकर अनदेखी की जा रही है? यदि आदेश के बावजूद अधिकारी एक साल तक पुराने स्थान पर बना रह सकता है, तो फिर स्थानांतरण आदेशों के मायने ही क्या रह जाते हैं।

## 15 दिवस में स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन मे हो चार ट्रेनों का स्टॉपेज नही तों होगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन में लंबे वर्षों से ग्राम विकास संघर्ष समिति द्वारा विभिन्न ट्रेनों के स्टापेज़ के लिए लगातार काम कर रही है। ग्राम विकास संघर्ष समिति के द्वारा गुरुवार को पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर कार्यालय मै डीआरएम से भेंट कर विभिन्न ट्रेनों के स्टापेज़ के लिए ज्ञापन सौंप मांग की!सौपे गये ज्ञापन के माध्यम से जबलपुर चित्रकूट एक्सप्रेस, जबलपर अंबिकापुर एक्सप्रेस, सिगरौली इंटरसिटी व जबलपुर गोंडवाना एक्सप्रेस का ठहराव स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन में किया जाये। विगत कई वर्षो से ग्राम विकास संघर्ष समिति द्वारा ट्रेनों के स्टापेज़ के लिए आवेदन पत्र व ज्ञापन पत्र सौंप मांग की जा रही है, लेकिन मांगो पर ध्यान नही दिया जा रहा है। यदि विभिन्न ट्रेनों का स्टॉपेज स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन में 15 दिवस मै नही होता है या कोई सार्थक जवाब नही मिलता तोंफिर उग्र आंदोलन किया जायेगा।



इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी, विश्व हिन्दु परिसद जिला गौरक्षा प्रमुख अमरदीप साहू, दीपक तिवारी, बृजेश दुबे, अजय विश्वकर्मा, विजय साहू, मदन सिंह,डॉ महेन्द्र दुबे, अनिल ठाकुर, अखिलेश खरादी, गंगाधर बङगैया, अश्वनी पाण्डेय, कमल पाण्डेय, डा विनील प्यासी, अजय मलिक,सतेन्द्र दुवे,राजपाल महोबिया,कमला चक्रवर्ती, शिवदत्त बब्बू तिवारी, अरविंद अग्रहरी,रिक्की तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## महर्षि के दिव्य संकल्पों को पूर्ण करने का लिया संकल्प, किया पूजन

# ज्ञानयुग दिवस महोत्सव के रूप में मनाया गया महर्षि महेश योगी का जन्मदिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

तहसील मुख्यालय स्थित महर्षि विद्या मंदिर मे महर्षि महेश योगी का 109 वां जन्मदिवस ज्ञानयुग दिवस के रूप मे मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु परंपरा पूजन तथा दीप प्रज्वलन कर, सामूहिक भावातीत ध्यान करके किया गया । इस शुभ दिवस पर स्कूल में आयोजित सांस्कृतिक उत्सव में मुख्य अतिथि जनशिक्षक डॉ दिलीप त्रिपाठी रहे।

प्रधानाचार्या श्रीमति प्रीति मिश्रा तथा स्कूल के सभी अध्यापक अध्यापिकाओं, छात्र छात्राओं तथा अभिभावकों ने महर्षि जी के दिव्य संकल्पों को पूर्ण करने का संकल्प लिया।प्रधानाचार्य प्रीति मिश्रा ने अपने संबोधन मै कहा कि महर्षि



महेश योगी ने विश्व को भावातीत ध्यान की तकनीक प्रदान की तथा इसके उन्नत अभ्यासों, जैसे योगिक फ्लाइंग, के माध्यम से विश्व शांति के लक्ष्य को साकार करने का मार्ग दिखाया। महर्षि संस्थान के वर्तमान चेयरमैन ब्रह्मचारी गिरीश जी के नेतृत्व में तथा हमारे सामूहिक, समर्पित प्रयास से समाज की सामूहिक चेतना में अत्यधिक सामंजस्य और सकारात्मकता उत्पन्न करेंगे, जिससे महर्षि जी के स्थायी शांति एवं “धरती पर स्वर्गीय जीवन” की स्थापना के महान दृष्टिकोण को शीघ्र साकार किया जा सकेगा। प्राचार्या प्रीति मिश्रा ने महर्षि के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महर्षि महेश योगी का जन्म 12 जनवरी 1918 को छत्तीसगढ़ के राजिम शहर के पास पांडुका गाँव में हुआ।

जनशिक्षक डॉ दिलीप त्रिपाठी ने कहा कि महर्षि ने समूचे विश्व में ज्ञान की पताका और भावातीत ध्यान की अलख जगाई है।विश्व शांति स्थापना में अध्यात्म का विशेष महत्व है।जिसका ज्ञान जाग्रत होता है उसे ऋषि कहते है, जिसका दिव्य चक्षु जाग्रत होता है उसे महर्षि कहते है एवं जिसका परम चक्षु भी जाग्रत हो जाता है उसे ब्रह्मर्षि कहते है!व्यक्ति के जीवन की सामथ्र्य असीम है, प्रत्येक व्यक्ति की बुद्धिमत्ता का क्षेत्र असीम है प्रत्येक व्यक्ति को सब कुछ जानने सब कुछ सहजरूपेण सही करने एवं प्राकृतिक विधान के सहयोग द्वारा सब कुछ प्राप्त करने में समर्थ होना चाहिए!इस दौरान सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ब्रांच मैनेजर पवन पंवार, रिटायर्ड टी आई के पी मिश्रा,बजरंग दल प्रमुख दीपक मिश्रा,लखन दुबे,सुनील कुमार मिश्रा सहित विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## कलेक्ट्रेट एवं जिपं में जुलूस, नारेबाजी एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्ट्रेट कार्यालय और जिला पंचायत परिसर में जुलूस, आम सभा, नारेबाजी एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग से कार्यालयीन एवं न्यायालयीन कार्य प्रभावित होने एवं परिशांति भंग होने की संभावना को देखते हुए कलेक्टर आशीष तिवारी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जारी प्रतिबंधात्मशक आदेश के अनुसार कलेक्टर कार्यालय एवं जिला पंचायत परिसर में 100 मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तारक यंत्र, सभा स्थाल, जुलूस, नारेबाजी आदि पर रोक लगाने हेतु प्रतिबंधात्मक क्षेत्र घोषित किया गया है। कोई भी राजनीतिक दल, छात्र संगठन अथवा कोई भी आंदोलनकारी व्यक्ति इस परिसर में प्रतिबंधित रहेंगे। ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग उक्त परिसर एवं उससे लगे हुए 100 मीटर की परिधि में प्रतिबंधित किया गया है।

इसी प्रकार कोई भी राजनैतिक दल, यूनियन छात्र संगठन अथवा कोई भी आंदोलनकारी व्यक्ति इस परिसर में जुलूस, आमसभा या नारेबाजी, ज्ञापन आदि सौंपे जाने से 3 दिन पूर्व उप खण्ड मजिस्ट्रेट, कटनी से विधिवत लिखित में अनुमति प्राप्त करेगा एवं ज्ञापन सौंपे जाने हेतु कलेक्टर कार्यालय के मुख्य द्वार पर 50 व्यक्ति या संगठन कार्यकर्ता होने पर मुख्य द्वार पर ही अधिकृत अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 50 व्यक्तियों से कम व्यक्ति शांतिपूर्ण ढंग से कलेक्टर परिसर के मेन गेट पर अधिकृत अधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे।

## खबर संक्षेप

### नो-पार्किंग में खड़े वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर वसूले 3 हजार

**कटनी।** नगर में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित एवं सुगम बनाए रखने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी एवं पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से सार्थक प्रयास किए जा रहे है। इसी श्रृंखला में स्टेशन रोड मुख्य मार्ग में चलाए गए अभियान के दौरान नो-पार्किंग जोन में अनधिकृत रूप से खड़े कुल 9 वाहनों पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए वाहन चालकों पर 3 हजार रुपये की चालानी कार्यवाही की गई। अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई प्रमुख मार्गों एवं व्यस्त क्षेत्रों में की गई, जहां अनधिकृत पार्किंग के कारण यातायात बाधित हो रहा था। अधिकारियों ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश देते हुए भविष्य में उल्लंघन न करने की चेतावनी भी दी। नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि नागरिकों की सुविधा एवं सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ऐसी संयुक्त कार्यवाहियां आगे भी निरंतर जारी रहेंगी। नागरिकों से अपील की गई है कि वे निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें और यातायात नियमों का पालन कर नगर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

### 10 मवेशियों को पकड़ कर कांजी हाउस भेजे गए



**कटनी।** नगर में नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम कटनी द्वारा हांका गैंग को सक्रिय किया जाकर सार्वजनिक मार्गों एवं व्यस्त चौराहों पर आवागमन में बाधा बन रहे घुमंतू मवेशियों को हटाने की कार्यवाही निरंतर जारी है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि सुगम आवागमन व्यवस्था के मद्देनजर बुधवार को विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान स्टेशन रोड मुख्य चौराहा, पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास, सहित बरगवां ओवर ब्रिज के नीचे आवारा रूप से विचरण कर रहे 10 मवेशियों को सुरक्षित रूप से पकड़कर वाहन के माध्यम से अमीरगंज कांजी हाउस भेजने की कार्यवाही की गई। निगम प्रशासन द्वारा घुमंतू मवेशियों को पकड़ने हेतु संचालित किए जा रहे अभियान से सड़क दुर्घटनाओं की संभावना को कम करने के साथ ही यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने के प्रयास किए जा रहे है। स्वास्थ्य अधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने पालतू मवेशियों को खुले में न छोड़ें एवं शहर की सफाई एवं आवागमन व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में निगम प्रशासन का सहयोग प्रदान करें।

### शिक्षकों के लिए गए निर्णय शिक्षक कांग्रेस ने किया स्वागत

**स्लीमनाबाद।** मप्र सरकार के द्वारा हाल ही में 35 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके सहायक शिक्षकों, शिक्षकों के लिए चतुर्थ समयमान वेतनमान प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया है जिसका मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस स्वागत करती है । संगठन के प्रांत अध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी ,प्रांतीय प्रमुख महामंत्री किशन रजक, प्रांतीय महामंत्री कमलेश त्रिपाठी ,अनिल नामदेव, राजीव पाठक, अकील अहमद, कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष आलोक परमार ,स्मृति रत्न मिश्र ,नीलू उपाध्याय ,शशि भूषण तिवारी, प्रांतीय उपाध्यक्ष जावेद खान, ऐस के द्विवेदी, राजमल सराय, रमाकांत शुक्ला ,राजेश सिंह राजावत सहित प्रांतीय सचिव मुकेश यादव, श्रवण पाठक ,मनीषा सोनी आदि पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से शिक्षकों से संबंधित अत्यंत आवश्यक मांग प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा की गणना स्वीकार करते हुए पुरानी पेंशन बहाल किए जाने का भी आग्रह किया है । विदित होवे की शिक्षक कांग्रेस के द्वारा सदैव शिक्षकों को चतुर्थ वेतनमान प्रदान की जाने की मांग को ज्ञापन ,सम्मेलन एवं अपने एजेंडे में प्रथम स्थान पर रखा गया था ।

### कलेक्टर ने ओपन कैप रीठी और मोहास में उपार्जन कार्य की व्यवस्था का लिया जायजा

# उपार्जन केंद्रों के निरीक्षण में गुणवत्ता व तौल में लापरवाही पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

जिले में समर्थन मूल्य पर चल रहे धान उपार्जन की वास्तविक स्थिति जानने और व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए गुरूवार को कलेक्टर आशीष तिवारी ने रीठी ओपन कैप और मोहास उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

ओपन कैप रीठी के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भंडारण स्थल पर केवल उन्हीं गाड़ियों को प्रवेश दिया जाए जिनका वजन धर्मकांटा पर हो चुका हो। उन्होंने निर्देशित किया कि मानकों का कड़ाई से परीक्षण किया जाए और गुणवत्तापूर्ण धान का ही भंडारण हो और परिवहन कार्य में तेजी लायें। साथ ही उन्होंने भंडारित धान को मौसम और अन्य खतरों से सुरक्षित रखने के लिए पुख्ता इंतजाम करने के भी निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री तिवारी ने उपार्जन केंद्र मोहास में खरीदी केन्द्र परिसर में रखी धान का स्वयं परीक्षण करवाया। धान की गुणवत्ता में सुधार की गुंजाइश देखते हुए उन्होंने केंद्र प्रभारी के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुये किसानों की उपज की पहले ग्रेडिंग कराये जाने और मानक स्तर की ग्रेडिंग के बाद ही धान की तौल और खरीद की प्रक्रिया शुरू करने की हिदायत दी।



कलेक्टर श्री तिवारी ने समिति प्रशासन और खरीदी केन्द्र के नोडल अधिकारी एवं पटवारी को ताकीद किया कि अपने सामने एफएक्यू धान की तौल करायें और सत्यापन करें। साथ ही उन्होंने किसानों के फार्मर आईडी बनाने के कार्य को प्राथमिकता से संपादित करने की भी हिदायत दी।

#### 4.76 लाख एमटी हुई खरीदी

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में 1 दिसंबर से समर्थन मूल्य पर शुरू हुये धान उपार्जन में बुधवार 14 जनवरी तक कुल 56 हजार 964 कृषकों से अब तक 4 लाख 76 हजार 129 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। जिले में अब तक 59 हजार 573 कृषकों द्वारा स्लॉट की बुकिंग की जा चुकी है तथा 3 लाख 56 हजार 88 मीट्रिक टन के स्वीकृति पत्रक भी जारी किये जा चुके है। साथ ही अब तक कृषकों को उपार्जित धान का 780.32 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है।

जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुए धान उपार्जन के मामले में तहसील बहोरीबंद अग्रणी है। यहां अब तक की स्थिति में कुल 11845 किसानों से 1 लाख 339 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। जबकि दूसरे नंबर पर तहसील ढ़ीमरखेड़ा में 9981 किसानों से 72 हजार 188 मीट्रिक टन धान समर्थन मूल्य पर उपार्जित की जा चुकी है।

#### कहां कितनी हुई धान खरीदी

इसी प्रकार रीठी तहसील में 6721 कृषकों से 63 हजार 257 मीट्रिकटन धान उपार्जित की गई है। जबकि बड़वारा तहसील में अब तक 7461 किसानों से 54 हजार 938 मीट्रिक टन धान उपार्जित की जा चुकी है। विजयराघवगढ़ तहसील में अब तक की स्थिति में 6634 किसानों से 54 हजार 805 मीट्रिक टन धान उपार्जित की गई है। वहीं बरही तहसील में 5547 किसानों से 48 हजार 965 मीट्रिक टन धान उपार्जित की जा चुकी है। इसके अलावा स्लीमनाबाद तहसील में 4117 किसानों से 37 हजार 505 मीट्रिक टन, कटनी नगर तहसील में 2618 किसानों से 27 हजार 175 मीट्रिक टन और कटनी ग्रामीण तहसील में 2040 किसानों से 16 हजार 957 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है।



## जिले के लिए 570 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया की रैक पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

रबी फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया खाद की एक और रैक झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इससे कटनी जिले को 570 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया मिली है। झुकेही रैक पाइंट से परिवहन कर यूरिया जिले में लाई जा रही है। जिले में यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता है।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को खाद वितरण केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने, किसानों से संवाद करने और पीओएस मशीन में उर्वरक स्टॉक की उपलब्धता देखकर इसका भौतिक सत्यापन अवश्य करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी है कि उर्वरक वितरण व्यवस्था पर पैनी नजर रखें ताकि किसानों को सहजता से खाद मिल सके।

उपसंचालक कृषि ने बताया कि रैक से आई नीम कोटेड यूरिया में से कटनी डबल लॉक केन्द्र के लिए 90 मीट्रिक टन, बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 60 मीट्रिक टन तथा मझगवां बड़वारा डबल लॉक केन्द्र के लिए 60 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया उर्वरक आवंटित की जायेगी। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 90 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जायेगी।

इसी प्रकार सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी, सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, प्रियदर्शनी विपणन विजयराघवगढ़, सीएमएस बाकल, सीएमएस स्लीमनाबाद और सीएमएस ढीमरखेड़ा को 30-30 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की जायेगी। इसके अलावा एमपी एग्रो कटनी को 30 मीट्रिक टन खाद आवंटित की जायेगी। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

*विधानसभा 93 मुड़वारा में प्रगति की समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन*

## निर्धारित समय सीमा में एसआईआर कार्य पूरा करने एसडीएम ने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में विधानसभा - 93 मुडवारा में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत नो मैपिंग वाले मतदाताओं की सुनवाई एवं दावा आपत्ति संबंधी कार्यवाही की जा रही है। इसी अनुक्रम में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय विधानसभा-93 मुडवारा में एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी द्वारा बीएलओ सुपरवाइजर के साथ एसआईआर की प्रगति की समीक्षा की गई।



एसडीएम चतुर्वेदी ने बैठक के दौरान समस्त बीएलओ सुपरवाइजर को कार्य में प्रगति लाने एवं आयोग द्वारा निर्धारित समय-सीमा में एसआईआर कार्यवाही पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही सुपरवाइजरों को अवगत कराया गया कि एसआईआर अंतर्गत दावा आपत्ति की कार्यवाही हेतु आयोग ने 22 जनवरी 2026 तक की समय-सीमा निर्धारित की है। इस समयावधि में समस्त बीएलओ द्वारा संबंधित मतदाताओं के फार्म 6, 7 एवं 8 भरवाकर बीएलओ एप पर प्रविष्टि कराई जावे।

बैठक में निर्देशित किया गया कि 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु सीमा पूर्ण करने वाले नवीन मतदाताओं के फार्म 6 भरवाना सुनिश्चित करें। नो मैपिंग वाले जिन मतदाताओं को नोटिस जारी किया जाना शेष है, उनके बीएलओ के माध्यम से तत्काल नोटिसों की तामीली करावें। जिन मतदाताओं की प्रविष्टि में लॉजिकल एरर प्रदर्शित हो रही है, उनके दस्तावेज संकलित कराकर बीएलओ प्रतिवेदन एप में अपलोड कराया जावे। इसी प्रकार समस्त एईआरओ को निर्देशित किया गया कि वे समयावधि में मतदाताओं का सुनवाई कार्य पूर्ण करा लेवें तथा प्रस्तुत किये जा रहे दस्तावेजों का दस्तावेजीकरण भी सुनिश्चित किया जावे। बैठक में समस्त एईआरओ क्रमशः तहसीलदार आशीष अग्रवाल एवं अजीत तिवारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्रदीप सिंह, नायब तहसीलदार अतुलेश सिंह, सुश्री अवंतिका तिवारी एवं हर्षवर्धन रामटेके तथा अधीक्षक, भू-अभिलेख विवेक मुले मौजूद रहे।

### 148 लाख के विकास कार्यों का किया गया भूमिपूजन




महिला बाल विकास कार्यालय बड़वारा के प्रांगण में बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह की उपस्थिति में ग्राम पंचायत सरपंच ,मंडल अध्यक्ष भाजपा बड़वारा प्रिंस गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी के महेंद्र जायसवाल, जनपद उपाध्यक्ष राम सेवक दुबे एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में महिला बाल विकास विभाग नवीन कार्यालय भवन निर्माण 148 लाख की लागत से चार कार्यों का भूमि पूजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में महिला बाल विकास की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाएं सुपरवाइजर उपस्थिति रही ज्ञात होवे की महिला बाल विकास विभाग परियोजना अधिकारी भवन का निर्माण विधायक निधि से पहली बार 36 लाख की लागत से करवाया जा रहा हैं इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री जितेंद्र गुप्ता परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास बड़वारा इंद्र कुमार साहू, एसडीओ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सुपरवाइजर अर्पिता प्यासी, रेशमा परवीन ज्योति बर्मन प्रवीण मंसूरी रोशनी गुप्ता बेनी राम धुर्वे ब्लाक समन्वयक रजनीश आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं उपस्थित रहे।

## महापौर ने की जलप्रदाय व्यवस्था की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने जल प्रदाय विभाग के अधिकारियों के साथ एक आवश्यक समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में महापौर ने नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए जल आपूर्ति से जुड़ी प्रत्येक व्यवस्था की विस्तार से जानकारी ली।



महापौर ने प्रतिदिन की जाने वाली वॉटर टेस्टिंग की संख्या, परीक्षण की प्रक्रिया, शहर की समस्त जल टंकियों की नियमित सफ़ाई, जल की गुणवत्ता एवं उपलब्धता की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन हैंडपंपों का पानी पीने योग्य नहीं है, उन्हें अलग कलर कोडिंग कर स्पष्ट सूचना चस्पा की जाए, जिससे आम नागरिक भ्रमित न हों और दूषित पानी के उपयोग से बचा जा सके। इसके साथ ही महापौर ने निर्देशित किया कि शहर में जहां-जहां जल की टेस्टिंग की जाती है, वहां पर्याप्त संख्या में सूचना बैनर लगाए जाएं, ताकि नागरिकों को इसकी जानकारी मिल सके और वे अपने घरों से पानी के सैंपल लाकर जांच करा सकें। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता और जन जागरूकता से ही जल जनित बीमारियों को रोका जा सकता है।

महापौर ने ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए जलापूर्ति के समय में आवश्यक परिवर्तन करने के भी निर्देश दिए। साथ ही राज्य शासन के निर्देशानुसार वार्ड स्तर पर जलापूर्ति से संबंधित शिकायतों के त्वरित निराकरण एवं मौके पर ही पेयजल के नमूनों की जांच के लिए प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली “जल सुनवाई” के सफल और नियमित आयोजन पर विशेष जोर दिया। बैठक में उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव, केमिस्ट मानेन्द्र सिंह बघेल, क्षेत्रीय समयपाल सहित जल प्रदाय विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

*तिलक कॉलेज में आत्महत्या की रोकथाम विषय पर हुई कार्यशाला*

## अकादमिक रूप से ही नहीं मानसिक रूप से भी विद्यार्थियों को सशक्त बनाये

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरूवार को उमंग कार्यक्रम के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक संस्थानों में आत्महत्या की रोकथाम विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुये महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी डॉ. माधुरी गर्ग ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक और तनावपूर्ण शैक्षणिक वातावरण में विद्यार्थियों का मानसिक रूप से स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। शैक्षणिक संस्थानों की यह जिम्मेदारी है कि वे विद्यार्थियों को केवल अकादमिक रूप से ही नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक रूप से भी सशक्त बनाएं। ऐसी कार्यशालाएं छात्रों में सकारात्मक सोच विकसित करने और जीवन के प्रति आशावादी दृष्टिकोण पैदा करने में सहायक होती हैं।




कार्यक्रम की अगली कड़ी में जिला अस्पताल से आईं माधुरी शिवहरे ने मानसिक स्वास्थ्य की आवश्यकता और इसके प्रति जागरूकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य की अनदेखी के कारण समाज में आत्महत्या जैसी घटनाएं विकराल रूप ले रही हैं। इसे रोकने के लिए विशेष रूप से विद्यार्थी समूह को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना अनिवार्य है।

इसी प्रकार सविता शिवहरे ने परिवार नियोजन की सामाजिक आवश्यकता, गर्भावस्था के दौरान आने वाली समस्याओं तथा उनसे संबंधित आवश्यक सावधानियों पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों से इस विषय पर संवाद किया। जबकि जिला अस्पताल से आए हेमंत श्रीवास्तव ने रक्तदान की महत्ता पर अपने विचार रखते हुए कहा कि वर्तमान समय में रक्त की आवश्यकता निरंतर बढ़ रही है। उन्होंने युवाओं से आगे आकर रक्तदान करने की अपील की और रक्तदान को महादान बताते हुए इसे जीवन बचाने वाला दान कहा।

कार्यक्रम में हिंदी विभाग से डॉ. विजय कुमार ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य की कमी से समाज पर दूरगामी प्रभाव पड़ते हैं। शारीरिक अभ्यास के साथ-साथ मानसिक अभ्यास भी आवश्यक है, ताकि मस्तिष्क स्वस्थ और सक्रिय बना रहे। उन्होंने भारतीय दर्शन का उल्लेख करते हुए कहा— “मन के हारे हार है और मन के जीते जीत”, और आध्यात्मिक चिंतन को मानसिक संतुलन का प्रभावी माध्यम बताया।

### संकल्प से समाधान अभियान कर प्रथम चरण 15 फरवरी तक चलेगा

# 106 हितग्राहीमूलक योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लें सकेंगे नागरिक

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

जिले में शासन के समस्त विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और सेवाओं का पूरा लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक समय-सीमा में पहुंचाने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों, तहसील एवं जिला स्तर पर 31 मार्च तक ₹संकल्प से समाधान अभियान₹ चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत समय-सीमा में पारदर्शी तरीके से गतिविधियां सुनिश्चित की जायेगी। इसके तहत 15 फरवरी तक लोगों के आवेदन पत्र संकलित किये जा रहे हैं।

इस अभियान के माध्यम से विभिन्न विभागों की 106 हितग्राहीमूलक योजनाओं एवं उन योजनाओं में जिनके लक्ष्य निर्धारित हैं, के लक्ष्य अनुरूप लाभ एवं शासन द्वारा प्रदाय की जा रही सेवाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु यह अभियान चार चरणों में संपन्न किया जाएगा।

₹संकल्प से समाधान अभियान₹ के सफल एवं सुचारु क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर श्री तिवारी ने जिले के ग्रामीण क्षेत्र हेतु जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर एवं नगरीय क्षेत्र हेतु आयुक्त नगर पालिक निगम तपस्या परिहार को नोडल अधिकारी का दायित्व सौंपा है। साथ ही इस अभियान के सफल संचालन हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगरीय निकायों में वार्ड स्तरीय समिति का गठन किया है।

₹संकल्प से समाधान अभियान₹ का प्रथम चरण 12 जनवरी 2026 से शुरू हो चुका है और यह 15 फरवरी तक चलेगा। इस चरण में आवेदन प्राप्त करने की कार्यवाही की जायेगी। इसके लिये प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगरीय निकायों में वार्ड स्तरीय समिति बनाई गई है। जिसमें ग्राम और नगरीय वार्ड स्तर के अधिकारी और कर्मचारी जैसे पटवारी, पंचायत सचिव, वार्ड प्रभारी, रोजगार सहायक, आरएईओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, हेल्थ वर्कर आदि सम्मिलित रहेंगे।

पंचायत व नगरीय वार्ड स्तर पर आवेदन व शिकायतों के एकत्रीकरण के लिए दल गठित किया गया है। जिसके लिये नोडल अधिकारी की नियुक्ति संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा की गई है। यह दल शासन की विभिन्न योजनाओं व सेवाओं से संबंधित आवेदन व शिकायतों को घर-घर जाकर या शिविर लगाकर एकत्रित करेगा तथा इस टीम के नोडल अधिकारी अपने लॉगिन से सभी आवेदनों को पोर्टल पर दर्ज करेंगे। पोर्टल पर दर्ज करने के उपरांत सभी आवेदनों को क्लस्टर या जोन लेवल के अधिकारी के पास जमा किया जाएगा और क्लस्टर या जोन लेवल अधिकारी आवेदनों को विभागवार संबंधित अधिकारियों को निराकरण हेतु प्रेषित कर निराकरण की स्थिति प्राप्त करेंगे।

अभियान के प्रारंभिक चरण में प्राप्त आवेदन पत्रों की समीक्षा जिलावार कलेक्टर एवं कमिश्नर की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समय-समय पर की जाएगी।

#### 16 फरवरी से लगेंगे शिविर

अभियान का द्वितीय चरण 16 फरवरी से प्रारंभ होकर 16 मार्च तक चलेगा। अभियान के द्वितीय चरण में ग्रामीण क्षेत्रों में क्लस्टर लेवल पर एवं नगरीय क्षेत्रों में नगर व जोन स्तर पर नोडल अधिकारी के रूप में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जोनल अधिकारी अथवा समकक्ष अधिकारी रहेंगे।

इस चरण में प्रथम चरण में प्राप्त आवेदन और शेष आवेदन पत्रों के निराकरण हेतु शिविर लगाये जायेंगे। क्लस्टर में पंचायतों की संख्या का निर्धारण कलेक्टर द्वारा जिले में स्थित पंचायतों की संख्या के हिसाब से (आवश्यकतानुसार 15 से 30 ग्राम पंचायतों का समूह में) निर्धारित किया जाएगा।

शहरी क्षेत्रों में छोटी नगरपालिका, नगर पंचायत स्तर पर एक शिविर व नगर निगम स्तर पर वार्डों की संख्या के अनुपात में क्लस्टर या जोन तैयार किये जाएगें।



## 30 लाख के विकास कार्यों का विधायक पांडेय ने किया लोकार्पण व भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏩ स्लीमनाबाद

बहोरीबंद विकासखंड की ग्राम पंचायत बड़खेड़ा नीम में विकास कार्यों की आधारशिला रखी गईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक प्रणय पांडेय रहे जहाँ स्टाम्प शुल्क राज्य स्तर से प्राप्त सामुदायिक भवन लागत 25 लाख रूपये रंगमंच निर्माण कार्य लागत राशि 3 लाख का भूमिपूजन किया गया ओर हनुमान जी के मंदिर के पास 2.50 लाख रूपये की लागत राशि नवनिर्मित रंगमंच का लोकार्पण किया गया। विधायक प्रणय पांडेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि गाँवों का सर्वागीण विकास हो इसके लिए कोई कसर नही छोड़ी जाएगी। गाँवो की तस्वीर बदलने के लिए भाजपा की डबल इंजन सरकार काम कर रही है। साथ ही सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें इसके लिए कार्यकर्ता भी जवाबदेही निभाए। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष सतीश नायक, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश गर्ग, जनपद सदस्य प्रकाश गुप्ता, प्रवीण यादव, सरपंच अर्चना संदीप यादव, सुरेंद्र गुप्ता घनश्याम सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहीं।

**खबर संक्षेप**

## संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की मूर्ति स्थापना एवं अमृतवाणी कार्यक्रम आज से

**हिण्डोरिया।** 16-18 जनवरी 2026 से नगर के थाना मुहल्ला वार्ड नं. 11 मे संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के 649 वें महा प्रकाश पर्व के अवसर पर तीन दिवसीय संभाग स्तरीय मूर्ति स्थापना- अनावरण एवं अमृतवाणी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत 16 जनवरी 2026 सुबह 10 बजे से शोभायात्रा नगर में निकाली जायेगी। 17 जनवरी 2026 दोपहर 12 से 05 तक श्री गुरु अमृतवाणी से प्रवचन होंगे। 18 जनवरी 2026 सुबह 11 बजे से सामाजिक मंचीय कार्यक्रम के साथ दोपहर 02 बजे से समापन अवसर पर प्रसाद वितरण एवं विशाल भण्डारे का आयोजन किया जायेगा। आयोजक नगर सकल अहिरवार समाज ने सभी वर्ग- समुदाय के लोगों से कार्यक्रम में बडी.संख्या में पधारने की अपील की है।

## पंचायत सचिव एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण सम्पन्न

**दमोह ।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत जिले में ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहे हैं। इसी क्रम में जनपद पंचायत हटा में स्वच्छ जल अभियान के अंतर्गत पंचायत सचिव एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस जल परीक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य दूषित जल से होने वाली जल जनित बीमारियों से मुक्त कराना एवं शुद्ध जल से होने वाले फायदे को लोगों तक पहुंचाना हैं। इस दौरान हटा अनुविभागीय अधिकारी राकेश मरकाम एवं लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग कार्यपालन यंत्री अशोक मुकाती द्वारा निर्देश दिए गए।

## गणतंत्र दिवस को सम्पूर्ण दिवस के लिये शुष्क दिवस घोषित

**दमोह।** फुटकर बिक्री की मदिरा दुकानों की निष्पादन व्यवस्था वर्ष 2025-26 के अनुसार 26 जनवरी 2026 (गणतंत्र दिवस) मध्यप्रदेश शासन द्वारा ₹शुष्क दिवस₹ घोषित किया गया है।कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने निर्देशित किया है 26 जनवरी 2026 (गणतंत्र दिवस) को सम्पूर्ण दिवस के लिये ₹शुष्क दिवस₹ होने से दमोह जिले की समस्त मदिरा दुकानें, एफ.एल.-2, एफ.एल-3 बार होटल, वाहन शॉप तथा देशी मदिरा मद्य भण्डारागार दमोह एवं हटा बंद रखे जायेंगे तथा उक्त अवधि में मदिरा का क्रय-विक्रय एवं परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जारी आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाये।

### वन विभाग और ग्राम पंचायत से बंदरों को पकड़ने की मांग

# बंदरों का बढ़ता आतंक, मासूम पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

वन परिक्षेत्र सिंग्रामपुर में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है जिससे ग्रामीणों में भय और आक्रोश दोनों देखने को मिल रहा है सुबह के समय घरों के बाहर निकलना और सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है बंदरों के झुंड सड़कों, गलियों और घरों की छतों पर घूमते नजर आते हैं राहगीरों पर झपट पड़ते हैं और बच्चों को निशाना बना रहे हैं।



बुधवार की सुबह घर के आंगन में खेल रहे मासूम 3 वर्षीय विनायक मेहरा पिता रोहित मेहरा पर बंदर ने हमला कर दिया बच्चा घर आंगन में खेल रहा था तभी दो बंदर ने झपटकर उसे काट लिया जिससे उसके शरीर दाहिने पैर पर गंभीर घाव आए परिजनों ने घायल बच्चे को तत्काल जबेरा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां उसका उपचार किया गया डॉक्टरों ने बताया कि बच्चे की हालत अब सामान्य है।

दो माह पहले यह हादसा घटित हो चुका है पांच वर्षीय बच्ची को बनाया था अपना निशाना

ग्रामवासी अखिल सिंघई ने बताया कि उनकी बेटी स्कूल में पढ़ने गई थी दोपहर को सूचना मिली कि बंदर ने हमला कर दिया है पीठ और कमर के पास गंभीर घाव आए हैं वहीं अवधेश जैन, सिद्धार्थ जैन और आकाश राय ने कहा कि सुबह टहलने निकले लोग बंदरों के झुंड देखकर लौट आते हैं। कई बार बंदर राहगीरों पर झपट पड़ते हैं और घरों की छतों से सामान उठा ले जाते हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि अब बंदरों की संख्या पचास से अधिक हो चुकी है जिससे स्कूल और आंगनवाड़ी परिसरों में भी भय का माहौल है बच्चे डरे-सहमे रहते हैं और अभिभावक उन्हें स्कूल भेजने से हिचकिचा रहे हैं।

ग्रामीण सत्येंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है अब हालात बेकाबू हो चुके हैं बंदरों के हमलों से कोई बड़ा हादसा हो सकता है इसलिए गांव के लोगों ने वन विभाग और ग्राम पंचायत से तत्काल बंदरों को पकड़ने की मांग की है यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## शिव साईं मंदिर से निकलेगी राम गंगा यात्रा

**दमोह।** श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना से परिपूर्ण राम गंगा यात्रा का आयोजन 21 जनवरी से 24 जनवरी 2026 तक किया जा रहा है। यह पावन यात्रा श्री शिव साईं मंदिर, बेलाताल दमोह से 21 जनवरी की प्रातः 9 बजे विधिवत रूप से प्रारंभ होगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालु अनेक प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन करेंगे। यात्रा में श्री श्री 1008 श्री जुगल किशोर जी के दर्शन, चित्रकूट में कामतानाथ जी की परिक्रमा, मंदाकिनी स्नान, रामघाट, हनुमान धारा, गुप्त गोदावरी, सती अनुसुइया, फटिक शिला एवं बराह के हनुमान जी के दर्शन शामिल हैं। इसके पश्चात प्रयागराज में वसंत पंचमी के पावन अवसर पर गंगा स्नान, लेटे हनुमान जी के दर्शन तथा आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया जाएगा। यात्रा के अन्य पड़ावों में मैहर में गुप्त नवरात्रि पर्व पर आदिशक्ति मां शारदा के दर्शन तथा बांदकपुर में 13 वें ज्योतिर्लिंग के रूप में विराजमान देवाधिदेव महादेव श्री जागेश्वरनाथ जी के दर्शन एवं गंगाजल से अभिषेक किया जाएगा। यात्रा विशेष बस द्वारा संपन्न कराई जाएगी, जिसमें यात्रियों के लिए सामूहिक ठहराव एवं भोजन की उत्तम व्यवस्था रहेगी। यात्रा का संरक्षण श्री शिव साईं मंदिर बेलाताल के पुजारी पं. श्री कमलेश्वरानंद जी महाराज, श्री शिव साईं धाम बेलाताल टाप, दमोह के सान्निध्य में किया जा रहा है।

## योग साधना शिविर लगेगा 22 व 23 को

**जबेरा।** भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय अध्यक्ष सुजान सिंह ठाकुर ने बताया कि 22 एवं 23 जनवरी 2026 में गुरुदेव योगीराज श्री शक्तिपुत्र महाराज के आशीर्वाद से शहडोल जिले की व्यवहारी तहसील के समीप स्थित पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्ध धाम में 133वे विशाल योग साधना शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें देश -विदेश से लाखों लोगों की भागीदारी रहेगी जिसका मुख्य उद्देश्य लाखों लोगों को नशा मुक्त करना होगा उसी क्रम में संपूर्ण दमोह जिले एवं विशेष कर जबेरा तहसील से हजारों लोगों की भागीदारी करने हेतु संपूर्ण तहसील में व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किया जा रहा है उसी क्रम में भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय अध्यक्ष सूजन सिंह,जिला उपाध्यक्ष देवी सिंह,सरपंच ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश अहिरवार, सेक्टर प्रभारी महेंद्र सिंह, टीम प्रमुख मानसिंह ,मनीराम यादव, राजा राम सिंह, देव सिंह, वीरेंद्र सिंह ,थान सिंह ठाकुर ,सड़क हरदुआ बालों के साथ अन्य कार्यकर्ताओं ने गत दिवस संपूर्ण जबेरा क्षेत्र में भ्रमण किया तथा लोगों से अपील की उक्त शिविर में सम्मिलित होकर के नशा मुक्ति जीवन जीते हुए परिवार समाज एवं ग्राम देश निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें ऐसा गुरुदेव महाराज का आदेश है।

# महादेव घाट पर उमड़ा आस्था का सैलाब



## शून्य नदी में डुबकी, शिवलिंग दर्शन और दान कर मनाया मकर संक्रांति का पवित्र उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

मकर संक्रांति के पवित्र अवसर पर जनपद जबेरा क्षेत्र की शून्य नदी स्थित महादेव घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। तड़के से ही नदी के तट भक्ति, आस्था और उत्साह से सराबोर हो उठे, जहां सैकड़ों लोगों ने शून्य नदी के पवित्र जल में डुबकी लगाकर परिवार की सुख-समृद्धि और समाज कल्याण की कामना की। शून्य नदी की मध्य धारा में स्थित अटल शिव पिंडी के दर्शन के लिए भक्तों की कतारें दिनभर लगती रहीं। परंपरागत पूजन में जलाभिषेक, बेलपत्र और श्रीफल अर्पित कर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से मंगल जीवन की प्रार्थना की। ठंड भरी हवाओं के बावजूद लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। भक्तों ने स्नान के बाद सूर्य देव को अर्घ्य दिया और फिर मंदिर पर दर्शन कर मेले की रौनक का आनंद लिया। बनवार क्षेत्र के अन्य पवित्र स्थलों पर भी संक्रांति का उत्सव पूरे रंग में दिखाई दिया। बड़े घाट ब्यारमा नदी पर श्रद्धालुओं ने स्नान कर डुबकी लगाई, वहीं सिद्ध क्षेत्र चुड़का धाम शंकरगढ़ में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई जिससे पूरा क्षेत्र धार्मिक ऊर्जा से भर उठा। महादेव घाट पर सजने वाला पारंपरिक संक्रांति मेला इस वर्ष भी आकर्षण का केंद्र रहा। स्थानीय व्यंजनों, तिल-गुड़ और पर्व विशेष पकवानों की महक के बीच पूजा सामग्री व खिलौनों की दुकानों ने उत्सव को और जीवंत किया। घाट पर बच्चों की मस्ती, अखंड रामायण पाठ का आयोजन और भजन-कीर्तन की ध्वनि ने समूचे वातावरण को आध्यात्मिक उल्लास से भर दिया। पर्व की परंपरा निभाते हुए श्रद्धालुओं ने तिल, गुड़, अनाज समेत आवश्यक सामग्री जरूरतमंदों को दान की। स्थानीय लोगों का कहना है कि महादेव घाट पर संक्रांति स्नान और शिव दर्शन की मान्यता प्राचीन काल से चली आ रही विरासत है, जिसे आज भी समान उत्साह और विश्वास के साथ निभाया जा रहा है। ग्राम पंचायत, प्रशासन और स्थानीय लोगों ने मेला व्यवस्था, की जिम्मेदारी संभालकर आयोजन को सुचारू बनाए रखा। शून्य नदी के तट पर गूंजती घंटनाद, जयकारों की ध्वनि और जनमानस की ऊर्जा ने बनवार क्षेत्र को संपूर्ण रूप से उत्सवमय बना दिया। मकर संक्रांति की पावन हवा में महादेव घाट आस्था, उमंग और आध्यात्मिक चेतना से झूमता दिखाई दिया।

## गौशाला में सब्जी, गुड, चारा का किया वितरण



**दमोह।** गौशाला में मकर संक्रांति के पावन पर्व आचार्य गुरुदेव श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणा से देश भर में चल रही 1000 से गौशालाएं में जीव संरक्षण का कार्य हो रहा है। मकर संक्रांति के पावन पर्व के अवसर पर इस त्यौहार को हर उल्लास के साथ मनाने के लिए श्री बड़े बाबा विद्यासागर दयोदय गौशाला जटाशंकर दमोह में श्री श्री पलंदी जैन मंदिर समिति ने बड़ा आयोजन कर गौमाता को मेथी गुड़ के लड्डू तिल के लड्डू सब्जी भाजी चार दलिया का वितरण किया गया इसमें सुधा कलश महिला मंडल का सहयोग रहा मंदिर अध्यक्ष गुड्डू जैन ने कहा कि पूज्य गुरुदेव समय सागर जी महाराज और सुधा सागर जी महाराज की प्रेरणा से आज है दिन हम लोगों ने चुना है जहां गौमाता को गगरास कराया श्री बड़े बाबा दयोदय गौशाला के अध्यक्ष नरेंद्र शक्ति ने कहा कि समाज के प्रत्येक परिवार से इस पुण्य कार्य हेतु सहयोग के लिए आगे आना चाहिए और अपना अमूल्य थोड़ा सा समय गौ माता की सेवा में जरूर देना चाहिए। निस्वार्थ गौसेवा समिति पुराना थाना में भी गौमाता को सब्जी, गुड, चारा का वितरण किया एवं नगद राशि प्रदान की कार्यक्रम में नरेंद्र जैन शक्ति, सौरभ लहरी, मंटू लहरी सौरभ जैन अरिहंत सुधीर जैन, आलोक पलंदी, राजेश जैन, मनीष पलंदी, सोनू सिघंई, मुकेश जैन, संजीव शाकाहारी, अशोक जैन बरतन, मुकेश गेम, संतोष गांगरा, ज्ञानेंद्र इटोरिया, सचिन जैन, अरविंद जैन, प्रतिभा महिला मंडल, लक्ष्मी जैन, अर्चना जैन, सरिता जैन, श्रद्धा जैन आदि सकल दिगंबर जैन समाज की उपस्थिति रही।

## कृष्ण जन्मोत्सव पर भक्ति में सराबोर हुये श्रद्धालु

**दमोह।** नगर के श्रीराम मंदिर के समीप प्रोफेसर कॉलोनी में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जैसे ही "नंद के आनंद भयो, कन्हैया लाल की" के मधुर गीत गूंजे, वैसे ही भक्त बैंड-बाजे के साथ झूम उठे और नंदोत्सव की खुशियों में सराबोर हो गए। इस पावन अवसर पर



सुंदर बाल गोपाल की आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कथा व्यास पं. अभिनव शास्त्री जी महाराज ने श्रीकृष्ण अवतार की दिव्य कथा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए बताया कि द्वापर युग के अंत में जब धरती पर अधर्म का भार बढ़ गया और राक्षसों के अत्याचार से हाहाकार मच गया, तब समस्त देवगण ब्रह्मा जी के पास पहुंचे। ब्रह्मा जी के मार्गदर्शन पर देवताओं ने भगवान विष्णु से क्षीरसागर में प्रार्थना की, जिस पर श्रीहरि ने पृथ्वी पर मनुष्य रूप में अवतार लेकर पाप का नाश करने का आश्वासन दिया। कथा में आगे बताया गया कि भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी, रोहिणी नक्षत्र में देवकी की आठवीं संतान के रूप में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। जन्म लेते ही कारागार के द्वार स्वतः खुल गए, पहरेदार निद्रा में चले गए और देवकी-वसुदेव की बेड़ियां टूट गईं। भगवान की इच्छा अनुसार वसुदेव जी शिशु श्रीकृष्ण को टोकरी में लेकर यमुना पार गोकुल पहुंचे और नंदबाबा के यहां सुरक्षित पहुंचा दिया। नंदोत्सव के अवसर पर पं. अभिनव शास्त्री जी ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे भक्त भाव-विभोर होकर नृत्य करने लगे। कथा के अंत में नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कथा श्रवण का आव्हान किया गया।

## जन्मदिन को सेवा में बदला: हेल्थ एडवाइजर ने दिया प्रेरणादाई संदेश



**जबेरा।** एम वाई एल संस्था की हेल्थ एडवाइजर जिया सिंह ठाकुर ने अपने जन्म दिवस को आत्म केंद्रित उत्सव की बजाय शिव स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है इस अवसर पर जबेरा जनपद के नोहलेश्वर मढ मंदिर परिसर में संस्था के सभी सदस्यों की सक्रिय उपस्थिति में स्वच्छता अभियान चलाया गया अभियान की दौरान मंदिर परिसर और आसपास फैली हुई पॉलिथीन एवं कचरा की सफाई की गई तथा समाज में स्वच्छता एवं पवित्र वातावरण का संदेश दिया गया इसकी साथ ही वृक्षारोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया तथा बताया गया कि सच्चा उत्सव वही है जो आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली एवं निरोगी स्वास्थ्य छोड़कर जाए कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि स्वस्थ जीवन एवं स्वच्छ वातावरण तथा जागरूक समाज ही संस्था का मूल उद्देश्य है एम वाई एल संस्था का यह कदम ना केवल युवाओं के लिए प्रेरणा है बल्कि यह भी दर्शाता है कि व्यक्तिगत खुशी को सामूहिक भलाई में कैसे बदला जा सकता है जन्मदिन कार्यक्रम में उपस्थित छत्रपाल सिंह लोधी, हेल्थ कोच दीपक मेहरा, राजू यादव ,शिवम यादव ,जय लोधी ,हर्षिता ,अंकित, काव्या,आदि की उपस्थिति रही।

# सिद्ध धाम गंगा झिरिया में धूमधाम से मनाई गई मकर संक्रांति

**बनवार।** दमोह जिले के जनपद जबेरा स्थित ग्राम वीजा डोंगरी में संतों की तपोभूमि सिद्ध धाम गंगा झिरिया में मकर संक्रांति पर्व पर श्रद्धालुओं का आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही लोग धाम में स्नान कर 23 दिवसीय श्री रामचरितमानस महायज्ञ स्थल पहुंचे और यज्ञ भगवान की परिक्रमा करते हुए सिद्ध धाम में पूजा-अर्चना की। धाम में संतो द्वारा भगवान को खिचड़ी का भोग लगाया गया। यज्ञाचार्य प्रेम नारायण राजोरिया ने भक्तों को मकर संक्रांति और खिचड़ी की महिमा, महत्व और पारंपरिक संस्कृति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खिचड़ी केवल एक भोजन नहीं बल्कि सनातन संस्कृति और भारतीय जीवन शैली का अटूट हिस्सा है। मकर संक्रांति पर खिचड़ी खाने का विशेष महत्व होने के कारण भक्तों को प्रसाद के रूप में खिचड़ी वितरित की गई। भक्त यज्ञ स्थल में यज्ञ भगवान के दर्शन, पूजा और परिक्रमा कर धर्म लाभ अर्जित करते दिखे। इस पर्व का प्रत्यक्ष संबंध भगवान सूर्य से जुड़ा है। मकर संक्रांति के दिन सूर्य उत्तरायण होते हैं और दान-पुण्य का विशेष महत्व होता है। धाम में इस अवसर पर भक्तों की



उपस्थिति ने धर्म और भक्ति का अनुपम दृश्य प्रस्तुत किया। संतो और यज्ञाचार्यों के मार्गदर्शन में श्रद्धालुओं ने स्नान, पूजा, भोग-अर्पण और प्रसाद ग्रहण कर पर्व का धार्मिक महत्व बनाए रखा।

# ऑटोमेटिक फिटनेस सेंटर प्रणाली बनी भारी मुसीबत: कांग्रेस परिवहन प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष नरिंदर सिंह पांधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी परिवहन प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रजु यशोधरन ने बताया की वर्तमान समय में ट्रक व्यवसाय पहले से ही कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। डीजल की बढ़ती कीमतें, टोल टैक्स, बीमा, किस्तें, चालान और कम होता भाड़ा ट्रक ऑपरेटरों की कमर तोड़ रहे हैं।जिसको लेकर प्रदेश अध्यक्ष नरिंदर सिंह पांधे ने कहा कि वर्तमान समय में ट्रक व्यवसायी को अनेक प्रकार की समस्याओं में डीजल की बढ़ती कीमतें, टोल टैक्स, बीमा, किस्तें, चालान और कम होता भाड़ा ट्रक ऑपरेटरों की कमर तोड़ रहे हैं। इसी बीच सरकार द्वारा लागू की गई ऑटोमेटिक फिटनेस सेंटर प्रणाली ट्रक मालिकों के लिए एक नई और बड़ी परेशानी बन गई है। इन सेंटरों पर मनमाने तरीके से ट्रकों को फेल किया जा रहा है, जबकि वाहन पूरी तरह चालू और सड़क योग्य होते हैं। छोटे-छोटे तकनीकी कारण बताकर ट्रकों को रोक दिया जाता है, जिससे ट्रक कई-कई दिनों तक खड़े रहते हैं और ऑपरेटरों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। श्री पांधे ने कहा कि पहले सरकारी फिटनेस व्यवस्था में कम खर्च और पारदर्शिता थी, लेकिन अब निजी ऑटोमैटिक फिटनेस सेंटरों में अत्यधिक शुल्क, समय की बर्बादी और भ्रष्टाचार बढ़ गया है। इससे छोटे और मध्यम ट्रक मालिक सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने मांग की कि ऑटोमैटिक फिटनेस सेंटर प्रणाली की तुरंत समीक्षा की जाए फिटनेस शुल्क कम किया जाए, पुराने सरकारी फिटनेस सिस्टम को दोबारा लागू किया जाए या ट्रक ऑपरेटरों को विकल्प दिया जाए, मनमानी और भ्रष्टाचार पर सख्त नियंत्रण किया जाए, यदि सरकार ने समय रहते ट्रक ऑपरेटरों की समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो मजबूर होकर ट्रक व्यवसायी आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

## आकस्मिक अवकाश में मुख्यालय छोड़ने की अनुमति के लिये निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाये: कलेक्टर

**दमोह।** आकस्मिक अवकाश स्वीकृति एवं शासकीय अवकाश दिवसों में मुख्यालय छोड़ने की अनुमति के लिये कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के समस्त कार्यालय प्रमुखों को दिशा- निर्देश जारी किये हैं। उन्होंने कहा है प्रायः देखा जा रहा है कि अनेक कार्यालय प्रमुखों द्वारा आकस्मिक अवकाश, स्वीकृति, शासकीय अवकाश दिवसों में मुख्यालय छोड़ने की अनुमति एवं शासकीय कार्य दिवसों में विभागीय कार्यो से मुख्यालय से बाहर रहने की अनुमति के लिये आवेदन पत्र व्हाट्स-एप एवं टेक्स मैसेज पर सूचना भेज दी जाती है। उन्होंने समस्त कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया है कि कार्यालय प्रमुख यदि आकस्मिक अवकाश पर रहते हैं, तो लिखित आवेदन पत्र विभागीय नस्ती पर पूर्व में लिये गये अवकाश, वर्तमान में शेष रहे अवकाश एवं अवकाश दिवसों में किसी अधिकारी द्वारा कार्य सम्पादित किया जायेगा की जानकारी सहित नस्ती प्रस्तुत कर स्वीकृति, अनुमति प्राप्त कर मुख्यालय से बाहर प्रस्थान करेंगे। उन्होंने कहा कार्यालय प्रमुखों द्वारा यदि शासकीय अवकाश दिवसों में मुख्यालय से बाहर प्रस्थान करने की अनुमति हेतु आवेदन-पत्र किया जाता है, तो लिखित आवेदन-पत्र विभागीय नस्ती पर प्रस्तुत कर स्वीकृति, अनुमति प्राप्त कर मुख्यालय से बाहर प्रस्थान करेंगे। कार्यालय प्रमुख यदि शासकीय कार्य दिवसों में विभागीय कार्यो से न्यायालयीन प्रकरणों, विभागीय समीक्षा बैठकों एवं अन्य कार्यो से मुख्यालय से बाहर जाते हैं, तो लिखित अनुमति प्राप्त कर प्रस्थान करेंगे। कार्यालय प्रमुख यदि बिना लिखित अवकाश स्वीकृति के मुख्यालय से बाहर रहते और कार्यालय में कोई अप्रिय स्थिति निर्मित होती है, तब कार्यालय प्रमुख व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। उन्होंने निर्देशित किया है कि अपरिहार्य स्थिति में तत्काल विभागीय नस्ती पर स्वीकृति प्राप्त किया जाना संभव नहीं हो पा रही हो, तब ही आवेदन-पत्र व्हाट्स-एव एवं टेक्स मैसेज पर सूचना दी जाये। मुख्यालय पर उपस्थित होते ही तत्काल लिखित कार्योत्तर स्वीकृति, अनुमति प्राप्त की जाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा भविष्य में दिये गये निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाये।

# नारी अबला नहीं सृजन और संहार दोनों की है अधिष्ठात्री: पं. रवि शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

ग्राम अहरोरा बलारपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने कहा कि पद्मपुराण में देवी कौशिकी को पतिव्रता नारी-शक्ति के सर्वोच्च स्वरूप के रूप में वर्णित किया गया है। उनके तप सेवा और सतीत्व के प्रताप से सूर्य की गति तक रुक गई और स्वयं यमराज धर्मसंकट में पड़ गए। प्रतिष्ठानपुर नगर में कौशिक नामक एक ब्राह्मण रहते थे जो कोढ़ से ग्रसित थे रोग के कारण उनके सभी संबंधियों ने उन्हें त्याग दिया किंतु उनकी पत्नी कौशिकी जीवन भर छाया बनकर उनके साथ रहीं पति



की सेवा ही उनका धर्म व्रत और तप था एक रात्रि कौशिकी अपने पति को कंधे पर उठाकर कहीं ले जा रही थीं। अंधकार के कारण मार्ग में शूल पर बैठे मांडव्य ऋषि दिखाई नहीं दिए और कौशिक का पैर उनके शूल से टकरा गया। कौशिकी ने हाथ जोड़कर क्षमा मांगी पर क्रोधित ऋषि ने श्राप दे दिया सूर्योदय होते ही तेरा पति मृत्यु को प्राप्त हो जाएगा। विधि अनुसार कौशिक की मृत्यु का समय अभी नहीं आया था यदि यमराज प्राण न लें तो ऋषि का श्राप मिथ्या हो जाए और यदि लें तो धर्म भंग हो तीनों लोकों की व्यवस्था संकट में पड़ गई। राजा राजगुरु किसी से भी समाधान नहीं मिला थक हारकर कौशिकी देवी के मंदिर पहुँचीं और रोते हुए बोलीं हे माँ मैं हार गई मैं निर्दोष हूँ। तभी आकाशवाणी हुई जो अपनी रक्षा स्वयं नहीं करता उसकी रक्षा कोई नहीं करता तुम अबला नहीं नारी शक्ति हो तुम्हारा सतीत्व तुम्हें शक्ति बना चुका है। कौशिकी ने पूछा क्या मेरे कहने से सूर्योदय भी रुक सकता है उत्तर मिला हाँ घर लौटकर कौशिकी ने कमंडल का जल लेकर आठों दिशाओं को साक्षी मानकर कहा यदि मैं सती हूँ तो सूर्य उदय न हो क्षणमात्र में चारों ओर अंधकार छा गया पृथ्वी कांप उठी इंद्रासन डोलने लगा तीनों लोकों का कार्य रुक गया। सूर्य उदय नहीं हुआ यमराज और ऋषि त्रिदेव के पास पहुँचे ब्रह्मा जी भी कौशिकी की इच्छा को पूरा नहीं कर सके क्योंकि वे ऋषि के श्राप का अनादर नहीं कर सकते थे। तब भगवान विष्णु बोले एक सती के श्राप को केवल दूसरी सती ही शांत कर सकती है। सभी देवता महर्षि अत्रि की पत्नी देवी अनुसूया के पास पहुँचे वे कौशिकी के पास आईं और प्रेमपूर्वक बोलीं तुम सूर्य को उदय होने दो मैं अपने सतीत्व से कौशिक को मृत्यु के बाद भी जीवित कर दूँगी। कौशिकी ने देवी अनुसूया की बात मान ली और अपना संकल्प वापस ले लिया। यमराज प्राण लेने आए पर देवी अनुसूया ने अपने सतीत्व के बल से मांडव्य ऋषि के श्राप बंधन को निष्फल कर दिया कौशिक के प्राण बच गए। तीनों लोकों की व्यवस्था पुनः चल पड़ी पतिव्रता का अर्थ केवल सहनशीलता नहीं। अपार शक्ति है नारी अबला नहीं सृजन और संहार दोनों की अधिष्ठात्री है सतीत्व तप के साथ निष्काम प्रेम और धर्म से प्रकट होता है।

### मकर संक्रांति पर भोर की पहली घड़ी से पहुंचे श्रद्धालु
## जागेश्वरनाथ धाम में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



बांदकपुर श्री देव जागेश्वरनाथ धाम में मकर संक्रांति पर्व पर भोर की पहली घड़ी से ही श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ी जहां हजारों भक्तों ने स्वयंभू शिवलिंग के दर्शन कर जलाभिषेक करते हुए पुण्य और आस्था का भावपूर्ण अनुभव किया। बुंदेलखंड के इस प्राचीन धाम को 13वें ज्योतिर्लिंग का स्वरूप मिलता है। ऐसी मान्यता भक्तों के विश्वास को और प्रगाढ़ कर देती है और यही कारण रहा कि दर्शन का क्रम निरंतर चलता रहा। मंदिर परिसर हर हर महादेव के जयकारों शंखध्वनि और घंटों की गूंज से लंबे समय तक थर्राता रहा। मंदिर पुजारियों द्वारा वेदमंत्रोच्चारण रुद्रपाठ और विशेष पूजा अर्चना संपन्न की गई संध्या समय भगवान जागेश्वरनाथ और माता पार्वती का अलौकिक श्रृंगार किया गया जो भक्तों के लिए आनंद का केंद्र बना रहा। मंदिर के भीतर और बाहर दर्शनार्थियों की लंबी कतारें देर तक लगी रहीं और श्रद्धालु भक्तिभाव में डूबे रहे। मंदिर प्रबंधन समिति ने श्रद्धालुओं की सुगमता के लिए विशेष इंतजाम किए पुलिस बल की तैनाती सीसीटीवी निगरानी तथा दर्शन मार्ग की सुव्यवस्था के कारण भक्त निर्बाध होकर दर्शन करते दिखाई दिए हालांकि सामान्य वर्षों की तुलना में भीड़ कुछ संयमित रही इसका कारण जिले में कई स्थानों पर मकर संक्रांति पर्व से जुड़े आयोजन और मेलों का होना बताया जा रहा है। वर्षों पुरानी परंपरा का निर्वाह करते हुए मंदिर ट्रस्ट ने नगर के ब्राह्मण परिवारों तक खिचड़ी सामग्री के पैकेट भिजवाए जिनमें अन्न तिल गुड़ और मसाले शामिल रहे यह परंपरा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि सामाजिक सद्भाव और श्रद्धा की जड़ों को भी संजोए हुए है। मंदिर प्रबंधक पंडित रामकृपाल पाठक ने बताया कि भक्तों का आगमन लगातार जारी रहा और श्रृंगार दर्शन तक धाम आस्था से सराबोर रहा श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर और अपने घरों में दान कर संक्रांति पर्व के महत्व को सार्थक किया । पूरा बांदकपुर आज शिवभक्ति भक्ति ऊर्जा और दिव्यता से जगमगाता रहा।

## दबंगई के चलते नल-जल योजना की सप्लाई लाइन हुई क्षतिग्रस्त



### एक सप्ताह से ग्रामवासी पानी के लिए परेशान, सचिव ने चौकी प्रभारी व नल-जल योजना अधिकारियों से की लिखित शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर

शासन की नल-जल योजना का उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है, लेकिन कुछ दबंग तत्वों की मनमानी के कारण यह योजना ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। ताजा मामला सिंग्रामपुर ग्राम पंचायत का है, जहां पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से बीते एक सप्ताह से गांव में पानी की आपूर्ति ठप पड़ी हुई है। जानकारी के अनुसार भैंसाघाट पहाड़ी से सिंग्रामपुर ग्राम पंचायत के तिलगवां क्षेत्र तक नल-जल योजना के अंतर्गत पानी की मुख्य पाइपलाइन बिछाई गई है। इसी क्षेत्र में मोंसीन खान के खेत से जेसीबी मशीन निकाले जाने के दौरान पानी की मेन पाइपलाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पाइपलाइन टूटने के बाद गांव में जल संकट की स्थिति बन गई है और ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित व्यक्ति से जब इस विषय में चर्चा की गई, तो उसने सहयोग करने के बजाय दबंगई दिखाई। इससे यह स्पष्ट होता है कि ऐसे लोगों में प्रशासन का कोई भय नहीं है।

सिंग्रामपुर ग्राम पंचायत सचिव राकेश ने बताया कि नल-जल योजना के अंतर्गत पिछले आठ दिनों से गांव की जल आपूर्ति पूरी तरह बंद है। जबलपुर निवासी मोंसीन खान द्वारा जेसीबी मशीन से पानी की मुख्य पाइपलाइन को तोड़ा गया है। इस संबंध में चौकी प्रभारी एवं नल-जल योजना अधिकारियों को लिखित शिकायत दी गई है।

सूचना मिलते ही नल-जल योजना अधिकारी ओमप्रकाश विश्वकर्मा एवं प्रदीप नामदेव मौके पर पहुंचे और पाइपलाइन का निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि पाइपलाइन कई स्थानों से टूटी हुई है तथा जगह-जगह लीकेज भी है। अधिकारियों ने स्थिति की जानकारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दे दी है।

वहीं सिंग्रामपुर चौकी प्रभारी गणेश दुबे ने बताया कि ग्राम सचिव द्वारा पानी की सप्लाई लाइन टूटने की शिकायत प्राप्त हुई है। शिकायत में बताया गया है कि मोंसीन खान, निवासी जबलपुर द्वारा जेसीबी मशीन से पानी की मेन पाइपलाइन को क्षतिग्रस्त किया गया है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल ग्रामीण जल संकट से जूझ रहे हैं और शीघ्र जल आपूर्ति बहाल किए जाने की मांग कर रहे हैं।

## एसडीएम और सीएमओ की मौजूदगी में पानी की टंकी व फिल्टर प्लांट का हुआ निरीक्षण

**दमोह।** शहरवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा जल फिल्टर प्लांट और पानी की टंकियों का निरीक्षण किया गया। इसका निरीक्षण करने एसडीएम पथरिया निकेत चौरसिया और मुख्य नगरपालिका अधिकारी रितु पुरोहित एवं इंजीनियर आकाश राठौर मौके पर मौजूद रहे। पथरिया एसडीएम निकेत चौरसिया ने कहा पेयजल स्वच्छता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सबंधित अधिकारियों से कहा सफाई का एक रोस्टर बनाया जाए ताकि नियमित अंतराल पर टंकियों की सफाई सुनिश्चित हो सके। इस दौरान सीएमओ रितु पुरोहित ने बताया पथरिया में पानी की टंकी हैं जिनकी सफाई भी कराई जा रही। फिल्टर प्लांट की सफाई से न केवल पानी की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि जलजनित बीमारियों के प्रसार को रोकने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने नागरिकों से भी अपील करते हुए कहा अपने घरों की निजी टंकियों की भी समय-समय पर सफाई करवाते रहें और पानी के दुरुपयोग को रोकें।

## दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की सतत निगरानी की जाये
### जिला सुरक्षा समिति की बैठक वीडियो कांफ्रेंसिग के माध्यम से संपन्न

**दमोह।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संपन्न हुई। मैनिट द्वारा ई-मेल के माध्यम से 14 ब्लैक स्पॉट, हॉट स्पॉट लोकेशन के संबंध में पृथक-पृथक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है। हस्ताक्षरयुक्त रिपोर्ट प्राप्त होने पर समिति द्वारा आगामी कार्यवाही एवं भुगतान की कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग सागर द्वारा दमोह-बटियागढ़ मार्ग पर दुर्घटना संभावित 07 क्षेत्रों में आवश्यक पेंच मरम्मत, रम्बल स्ट्रिप, थर्मोप्लास्टिक, साइनेज इत्यादि कार्य पर प्रतिवेदन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की सतत निगरानी किये जाने के निर्देश निर्माण विभाग को दिये गये। कलेक्टर श्री कोचर ने जिला परिवहन अधिकारी से कहा जिले में संचालित सभी वाहनों की फिटनेस चैक की जाये,फिटनेस मानक अनुसार नहीं पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही की जाये। दमोह शहर स्थित घंटाघर के चारों तरफ एवं शहर के अन्य चौराहों के मार्गों पर अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही निरंतर जारी रखने के निर्देश मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दिये। उन्होंने कहा नशामुक्ति एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु यातायात पुलिस, शिक्षा विभाग एवं पंचायत विभाग संयुक्त रूप से निरंतर अभियान चलाये।

### समाज सेवा के प्रति प्रतिबद्धता का जताया संकल्प
## लीनेस क्लब का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



**दमोह।** लीनेश मैत्री क्लब दमोह का शपथ ग्रहण समारोह बड़े हर्ष और उल्लास के बीच संपन्न हुआ। इस गरिमामय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया और विशिष्ट अतिथि के रूप में दमोह कलेक्टर सुधीर कोचर उपस्थित थे। कार्यक्रम में क्लब के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में शपथ अधिकारी रोजी बग्गा द्वारा क्लब की अध्यक्ष रजनी खरे, सचिव ज्योति चिले, कोषाध्यक्ष माया यादव एवं अन्य सदस्य को अपने-अपने दायित्व की शपथ दिलाई गई। नवनिर्वाचित क्लब अध्यक्ष रजनी खरे ने अपने संबोधन में कहा, "हमारा उद्देश्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाना और एकता को बढ़ावा देना है। आगामी योजनाओं में हम सामाजिक सेवा के क्षेत्र में अधिक से अधिक कार्य करेंगे। मुख्य अतिथि दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने कहा कि क्लब समाज सेवा के क्षेत्र में अच्छे कार्य कर रहा है। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी और साथ ही कहा कि बेलाताल स्थित नवनिर्मित पार्क में बने हाल को आवश्यकतानुसार निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। विशिष्ट अतिथि दमोह कलेक्टर सुधीर कोचर ने अपने संबोधन में महिलाओं को समाज की सबसे संवेदनशील इकाई बताया और कहा, "समाज में बदलाव के लिए हमें अपनी सोच और पहनावे में बदलाव लाना होगा। क्लब को जरूरतमंदों की समस्याओं को समझने का कार्य करना चाहिए। इस कार्यक्रम में वर्ष सदस्य, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में क्लब सदस्य उपस्थित थे। अंत में क्लब सचिव ज्योति चिले ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन ज्योति सचदेव और रिमी जुनेजा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के पश्चात क्लब के नियमानुसार मकर संक्रांति के अवसर पर जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए।

## आदिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक एवं बड़े बाबाजी का उच्चासन दिवस एक साथ

**20 वर्ष पश्चात अनुपम संयोग : बड़े बाबा जी के चरणों में निर्वाण लाडू चढ़ाया जायेगा**

**कुण्डलपुर।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में महा समाधिधारक संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य विद्या शिरोमणि पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के आशीर्वाद से पूज्य मुनि श्री पदम सागर जी महाराज ससंघ के मंगल सानिध्य में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर पूज्य बड़े बाबा श्री आदिनाथ भगवान का निर्वाण कल्याणक महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जायेगा ।इस अवसर पर पूज्य बड़े बाबा का उच्चासन दिवस भी धूमधाम से मनाया जाएगा। प्रचार मंत्री जयकुमार जैन जलज ने बताया कि 20 वर्ष पूर्व 17 जनवरी सन 2006 में युगश्रेष्ठ परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के ससंघ मंगल सानिध्य में आचार्य श्री के पड़गाहन पर हजारों हजार श्रद्धालु भक्तों की साक्षी में आज ही के दिन पूज्य बड़े बाबा पुराने मंदिर से गगन विहार कर नए मंदिर में उच्चासन पर विराजमान हुए थे। इस अवसर पर प्रातः श्री भक्तामर महामंडल विधान ,बड़ेबाबा महामंडल विधान मुनि श्री पदमसागर जी महाराज के मंगल आशीष वचन,पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक रिद्धिकलश, शांतिधारा होगी । श्रद्धालु भक्तों द्वारा अत्यंत भक्तिभाव पूर्वक पूज्य बड़े बाबा के श्री चरणों में निर्वाण लाडू अर्पित किया जायेगा। दोपहर में पूज्य मुनि श्री पदमसागर जी महाराज ससंघ सानिध्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम, मुनिश्री के मंगल प्रवचन, मिष्ठान वितरण किया जाएगा। सायंकाल भक्तामर दीप अर्चना, पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती की जायेगी। कुण्डलपुर क्षेत्र कमेटी अध्यक्ष चंद्रकुमार सराफ सहित सभी पदाधिकारी सदस्यों ने श्रद्धालु भक्तों से कुण्डलपुर पधारकर धर्म लाभ लेने हेतु अनुरोध किया है।

## जब्त सागौन की सिल्लियों में गड़बड़ी माप बदलने से अदला-बदली की आशंका

**तेंदूखेड़ा।** उपवन मंडल अंतर्गत झलौन वन परिक्षेत्र में जब्त की गई सागौन की सिल्लियों को लेकर गंभीर अनियमितता का मामला सामने आने के बाद वन विभाग में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। यह मामला मंगलवार को उस समय उजागर हुआ, जब यह जानकारी सामने आई कि वन परिक्षेत्र परिसर में जब्ती के रूप में रखी गई सागौन की सात सिल्लियों में से चार दिन पूर्व दो सिल्लियां गायब हो गईं। प्रारंभिक तौर पर इसे चोरी की घटना बताया जा रहा है, लेकिन जिस प्रकार घटनाक्रम सामने आया है, उससे यह संदेह भी गहराता जा रहा है कि कहीं यह वन कर्मियों की मिलीभगत से सिल्लियों को "गोल" करने का मामला तो नहीं है। जैसे ही इस संबंध में मीडिया को जानकारी मिली, विभाग में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार झलौन रेंज के अंतर्गत डुकरसता बीट में अवैध सागौन कटाई की घटनाएं आम हैं। वर्ष में दो-तीन बार वन विभाग द्वारा लकड़ी से लदे वाहनों को पकड़ने की कार्रवाई भी होती है, लेकिन इस बार आरोप सीधे वन विभाग पर ही लग रहे हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि चोरी की जानकारी सामने आने के बाद आनन-फानन में मंगलवार को सागौन की सिल्लियों को तेंदूखेड़ा डिपो भेज दिया गया। डिपो पहुंचने पर जहां पहले पांच नग होने की बात कही जा रही थी, वहां सात नग सिल्लियां दर्ज कर दी गईं। इससे यह आशंका भी जताई जा रही है कि गायब दो सिल्लियों की जगह अन्य सिल्लियां कहा सै लाकर मिलाई गई हैं। प्राप्त विवरण के अनुसार क्षलोन रेन्ज के कक्ष क्रमांक आरएफ-164 से कुल सात नग सागौन सिल्लियां जब्त की गई थीं, जिन्हें पहले झलों रेंज प्रांगण में रखा गया जहां से दो सिल्ली गायब होने का मामला सामने आया इसके बाद तत्काल ही उन्हें वहां से उठवाकर बम्हौरी काष्ठागार में चलन द्वारा जमा किया गया। कुल 3.099 घन मीटर सागौन दर्ज की गई है। हालांकि जब्ती के समय और जमा के समय सिल्ली क्रमांक 1 और 7 के माप में अंतर पाया गया है, जिससे सिल्लियों की अदला-बदली की आशंका और भी मजबूत हो जाती है। इस संबंध में वन परीक्षेत्र अधिकारी क्षलोन सतीश मसीह से जब सिल्लियो की लंबाई चौड़ाई के बारे में पूछा गया तो उनका कहना था कि वनरक्षक महबूब खान के पास कागजात हैं मुझे इसकी जानकारी नहीं है। इस संबंध में उपवन मंडल अधिकारी प्रतीक दुबे का कहना है कि मेरे द्वारा जांच की जा रही है अतिशीघ्र जांच के बारे में आपको जानकारी दी जाएगी।

## 243 लीटर अवैध शराब सहित कार जब्त




**दमोह।** कुम्हारी थाना पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुये 243.54 लीटर अवैध शराब पकड़ी एवं एक कार भी जब्त की गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन मे श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक सुजीत भदोरिया एवं एसडीओपी हटा प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन मे अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी कुम्हारी उनि. बृजेश पाण्डेय एवं पुलिस टीम के व्दारा थाना कुम्हारी क्षेत्र मे मुखबिर की सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए कार क्र. MP-20-CE-0679 से अवैध शराब का परिवहन करते हुये बडी मात्रा मे अवैध शराब 05 पेटी प्लेन शराब प्रत्येक पेटी में 50-50 पाव एवं 05 पेटी लाल मसाला शराब एवं 29 लाल रंग की पन्नी जो प्रत्येक पन्नी में 25-25 पाव लाल मसाला शराब एवं एक सफेद रंग के थैला में 128 पाव लाल मसाला शराब, कुल देशी प्लेन शराब 250 पाव मात्रा 45 लीटर कीमती करीबन 20,000/- रुपये एवं देशी लाल मसाला शराब कुल 1103 पाव मात्रा 175.5 लीटर कीमती 1,10,300/- रुपये कुल 1353 पाव कुल मात्रा 243.54 लीटर कुल कीमती करीबन 1,30,300/- रुपये जब्त की गई। पुलिस ने एक हुंडाई कंपनी की कार क्र. MP20CE0679 कीमती करीबन 3,00,000/- रुपये एवं कार क्र. MP20CE0679 का आरसी कार्ड, पीयूसी, इंश्योरेंस जप्त किया गया। अभियुक्त अनिल राजपूत निवासी ग्राम देवरी रतन थाना कुम्हारी व अन्य के ऊपर मामला पंजीबद्ध किया गया। सराहनीय कार्य करने बाले अधिकारी/कर्मचारियो में उनि. बृजेश कुमार पाण्डेय, सउनि. गोविन्द सिंह आर. जीवन पटेल, आर. वीर सिंह, सै. प्रीतम सिंह थाना कुम्हारी, दमोह शामिल है।

## श्रीमती पार्वती जैन दिवंगत



**पटेरा।** नगर के जैन समाज के ख्यातिलब्ध कवि स्व. सुंदरलाल जैन की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती जैन का आकस्मिक निधन हटा में हो गया जहां परिजनों द्वारा अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया जिसमें सभी वर्गों के प्रतिनिधि शामिल हुए। पटेरा में आके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने नगर व क्षेत्र के नागरिक पहुंच रहे है। संतोष जैन, सुदेश, सचिन, अभिलेश, पंकज जैन शिक्षक, सौरव व परिजन शोकाकुल हैं।

## निरीक्षण में उजागर हुई लापरवाही, एमडीएम व्यवस्था में बदलाव के निर्देश

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा 08 जनवरी को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला परासई का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बच्चों एवं ग्रामीणों ने बताया कि मध्यान्ह भोजन के संचालन में हरसिद्धी स्व-सहायता समूह द्वारा लापरवाही की जा रही है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने बताया कि कलेक्टर श्री कोचर के निर्देशानुसार मध्यान्ह भोजन के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने हेतु हरसिद्धी स्व-सहायता समूह परासई को एमडीएम (मध्यान्ह भोजन) व्यवस्था से पृथक कर दिया गया है, उन्होंने बताया वैकल्पिक व्यवस्था के अंतर्गत शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला परासई में शाला प्रबंधन समिति को मध्यान्ह भोजन संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही नवीन अनुमोदित एजेंसी से संबंधित समस्त आवश्यक दस्तावेज जिला पंचायत दमोह को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पोर्टल पर मैपिंग की जा सके। उन्होने बताया, निर्देशों के तहत शेष राशि, खाद्यान्न, बर्तन, गैस कनेक्शन आदि नवीन एजेंसी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, मध्यान्ह भोजन बंद रहने की अवधि का खाद्य सुरक्षा भत्ता संबंधित स्व-सहायता समूह से बच्चों को दिलाया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री फुलपगारे ने बताया कि रसोईया मानदेय की राशि की वसूली कर संबंधित अभिलेख संधारित किए जाएंगे। साथ ही नियमानुसार नवीन स्व-सहायता समूह का प्रस्ताव अविलंब प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा



**दमोह।** म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला इकाई द्वारा जिला अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी के नेतृत्व में 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम से डिप्टी कलेक्टर को सौंपा गया। प्रांतीय प्रवक्ता बीएम दुबे ने बताया कि प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन योजना को बहाल करना, ई अटेंडेंस प्रणाली पर रोक लगाना, राज्य कर्मचारियों को केंद्र के समान महंगाई भत्ता देना, शिक्षा विभाग, अनुसूचित जनजाति विभाग में पदस्थ शिक्षकों को तृतीय क्रमोन्नत वेतनमान समकक्ष वेतनमान शीघ्र प्रदान करना, लिपिक संवर्ग को मंत्रालय के लिपिको के समान वेतनमान प्रदान करना, दैनिक वेतन भोगी, स्थाई कर्मी, संविदा, आउटसोर्स कर्मियों को नियमित पदों पर नियुक्त करना आदि शामिल है। ज्ञापन में राकेश हजारी केआर पांडे, राममिलन उपाध्याय, चंद्रभान पटेल, धीरज पाराशर, राजेंद्र रोहितास, तुलसी राज आदि की मौजूदगी रही।

## नगर आगमन पर मुनि संघ की हुई मंगल अगवानी, दो संघों का हुआ मंगल मिलन

**दमोह।** आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज से दीक्षित परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 सागर जी महाराज मुनि श्री विभतस्वर मुनि श्री सिद्धपयोग सागर मुनि श्री सागर जी मुनि श्री श्रम सागर जी महाराज के दमोह नगर आगमन पर समाज के द्वारा मंगल अगवानी की गई मुनि संघ के आगमन पर दमोह में सिंघई मंदिर में विराजमान मुनि श्री सौम्य सागर जी एवं मुनि श्री जयेंद्र सागर जी महाराज नए धकट चौराहा जाकर मुनि संघ अगवानी में सम्मिलित हुए चौराहे पर दो मुनि संघ का मधुर मिलन हुआ इस मौके पर दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष सुधीर सिंघई कुंडलपुर कमेटी के पूर्व अध्यक्ष संतोष सिंघई शाकाहार उपासना परिसंघ के अध्यक्ष आशीष गंगरा सिंघई मंदिर समिति के अध्यक्ष रिंकू सिंघई श्रावक कल्याण समिति के महामंत्री सुनील वेजीटेरियन विनय विनम्र आकाश अक्षत सेठ पंडित अखिलेश जैन सवन सिल्वर आदि की उपस्थित रहे। इसके पूर्व सिंघई मंदिर में अपने प्रतिदिन के प्रातः कालीन प्रवचनों में मुनि श्री सौम्य सागर जी महाराज ने अपने मंगल प्रवचन में कहा कि मनुष्य का अकारण क्रोध आना और उसके बाद पछताना कापोत लेशिया का प्रतीक है अनुकूल परिस्थितियों में क्रोध नहीं आना कोई बड़ी बात नहीं है किंतु प्रतिकूलता में क्रोध पर नियंत्रण न होना मनुष्य की बहुत बड़ी कमजोरी है द्रव्य शुद्ध नहीं तो भाव शुद्ध नहीं हो सकता चंदन की लकड़ी शीतलता देती है किंतु जलाए जाने पर ताप भी उत्पन्न करती धर्म से राग भी संसार भ्रमण कराता है शुभ राग और अशुभ राग दोनों ही संसार के कारण है मोक्ष प्राप्त करने के लिए मुनि धर्म का पालन आवश्यक है अशुभ से निवृत्ति शुभ की ओर ले जाती है अशुभ शुद्ध की ओर नहीं ले जाता जबकि शुभ शुद्ध की ओर ले जाता है चंदन की लकड़ी जलाने पर ताप तो देती है किंतु सुगंध भी देती है जबकि बेशर्म की लकड़ी जलने के साथ दुर्गंध देती है चंदन की राख भी सुगंधित होती है शुभ कार्य हमें अशुभ की प्रवृत्ति से बचाते हैं।



**सिविल वार्ड -6 सुभाष कालोनी एवं करौंदिया नाला क्षेत्र का किया भ्रमण, दिये आवश्यक दिशा निर्देश**

## आने वाले वर्षा काल में जलभराव से होने वाली क्षति को रोका जाये: विधायक मलैया



**दमोह।** पूर्व वित्त मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के साथ दमोह नगर के सिविल वार्ड -6 सुभाष कालोनी का भ्रमण कर करौंदिया नाले से वार्ड में पानी भराव क्षेत्र जायजा लिया। उन्होंने किल्लाई एवं सागर मार्ग पर बने करौंदिया पुलों का भी जायजा लिया और आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। विधायक जयंत कुमार मलैया ने कहा नगर के सिविल वार्ड क्रमांक 6 में लंबे समय से जलभराव की समस्या को लेकर आज स्थल निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर, समस्त राजस्व अधिकारी एवं नगरपालिका के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में जलभराव की स्थिति का गहन मुआयना कर आगामी कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया, ताकि आने वाले वर्षा काल में जलभराव से होने वाली क्षति को रोका जा सके। उन्होंने कहा निरीक्षण के अंत में करोंदिया नाला क्षेत्र का भी अवलोकन किया गया जहाँ से जल निकासी होती है। अधिकारियों ने निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाने हेतु जल निकासी स्तर बढ़ाने की आवश्यकता बताई। इस संबंध में आवश्यक प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री कोचर ने संबंधित विभागों को आगामी सोमवार तक समस्त प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर ने बताया दमोह विधायक जी के मार्गदर्शन में आज सुभाष कॉलोनी का पुनः निरीक्षण किया । निरीक्षण का उद्देश्य आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए समय रहते समुचित योजना बनाकर आवश्यक कार्यों को पूर्ण करना है, क्योंकि बारिश शुरू होने में लगभग तीन से चार माह का समय शेष है। इस निरीक्षण में जनप्रतिनिधि, नागरिकगण एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सभी के साथ मिलकर आगामी तीन महीनों की कार्ययोजना तैयार की गई है, जिसके अंतर्गत छोटे-छोटे चरणों में कार्य प्रारंभ किया जाएगा। कलेक्टर श्री कोचर ने स्पष्ट किया कि इस वर्ष सुभाष नगर क्षेत्र में किसी भी स्थिति में बाढ़ का पानी प्रवेश न करे और एक भी परिवार प्रभावित न हो, यही प्रशासन का मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि आगामी सोमवार से चरणबद्ध तरीके से कार्य प्रारंभ किया जाएगा। साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि यदि कहीं भी अतिक्रमण पाया जाता है तो उसे नियमानुसार हटाया जाये। प्रशासन द्वारा सुनियोजित एवं प्रभावी कार्ययोजना के तहत कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर अखिलेश हजारी, मनीष तिवारी, एसडीएम आरएल बागरी, तहसीलदार रॉबिन जैन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र सिंह लोधी सहित राजस्व विभाग एवं नगर पालिका की टीम मौजूद थी।

## नसिया जैन मंदिर में दो दिवसीय महोत्सव आज से

**दमोह।** श्री नसियाजी मंदिर दमोह में जिन स्थापना दिवस 7 वर्ष पूर्ण होने पर आचार्य भगवन गुरुदेव श्री विद्यासागरजी महाराज के अप्रत्यक्ष आशीर्वाद से 6 मुनिराज के सानिध्य में दो दिन का महोत्सव बृहद शांति धारा एवं मस्तकाभिषेक संपन्न होना है। दिन शुक्रवार सुबह आठ बजे से मूलनायक श्री 1008 महावीर भगवान श्री 1008 शान्तिनाथ भगवान श्री 1008 मुनिसुब्रतनाथ भगवान जी का महामस्तकाभिषेक शांतिधारा एवं 9 बजे मुनीश्री जी के प्रवचन और तत्पश्चात आहार चरिया संपन्न होगी। दिनांग 17/ 1 /26 दिन शनिवार को सुबह आठ बजे श्री 1008 आदिनाथ भगवान श्री 1008 धर्मनाथ भगवान श्री 1008 शान्तिनाथ भगवान जी का महामस्तकाभिषेक शांतिधारा एवं 9 बजे मुनीश्री जी के प्रवचन और तत्पश्चात आहार चरिया संपन्न होगी। सभी समाजजन से निवेदन हैं कि पधारकर पूर्ण लाभ लेवे।